भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2199**
21/12/2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

## आईएमडी का गूगल एशिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता

2199 श्री वि. विजयसाई रेड्डी :

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने वास्तव में सितंबर,,2021 में चक्रवात संबंधी सलाह साझा करने और स्थान विशिष्ट वर्षा की भविष्यवाणी हेतु गूगल एशिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता किया है;
(ख) यदि हां, तो समझौते का ब्यौरा क्या है ?
(ग) क्या उपर्युक्त प्रयोजनार्थ 'भारतीय नक्षत्र के साथ नौहवन' ( एनएवीआईसी) का उपयोग है; और
(घ) यदि हां, तो इस तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क)-(ख) जी हां। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने केवल स्थान विशिष्ट वर्षा के पूर्वानुमान हेतु गूगल एशिया प्राइवेट लिमिटेड से एक करार किया हुआ है, चक्रवात संबंधी परामर्शिकाओं के लिए नहीं।

(ग)-(घ) जी नहीं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केन्द्र (इंकॉइस) तथा भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ऊंची लहरों की चेतावनी, सुनामी की पूर्व चेतावनी, तथा चक्रवात अलर्ट जैसे समुदी स्थिति के पूर्वानुमान हेतु दैनिक बुलेटिन तैयार करने के द्वारा समुद्री जानकारी एव परामर्शिकाएं प्रदान कर रहे हैं। NavIC मैसेजिंग सेवा का प्रयोग करते हुए यह जानकारी एवं चेतावनियां मछुआओं तक पहुंचायी जाती हैं, जो ऐसे दूरस्थ स्थानों पर होते हैं, जहां सेल्युलर या इंटरनेट-आधारित कम्युनिकेशन पहुंचना कठिन होता है।

*******